# सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में)

15-ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

विज्ञापन संख्याः सीसीआरटी/11011/02/2024/03

**विषय: सीसीआरटी में ग्रुप-ए पदों की भर्ती-संबंधी.**

सीसीआरटी के भर्ती नियमों के अनुसार सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. रिक्ति विवरण इस प्रकार हैं:

| क्रम संख्या | पद का नाम, पद की संख्या और वेतन स्तर | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक - 01 पद<br>वेतन स्तर - 12<br>(रु. 78,800-2,09,200)<br>7वें सीपीसी के अनुसार | **अनिवार्य:**<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से ललित कला या इतिहास या सांस्कृतिक मानव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**वांछित:**<br>**क.** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से ललित कला या इतिहास या सांस्कृतिक मानव विज्ञान या समाजशास्त्र या मानविकी में डॉक्टरेट डिग्री;<br>**ख.** अंग्रेजी के अलावा फ्रेंच, इतालवी, जर्मन या रूसी जैसी विदेशी भाषाओं का ज्ञान; और<br>**ग.** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या डिग्री.<br>**अनुभव:**<br>I. कला और संस्कृति में सेमिनार या सम्मेलन आयोजित करने और मूल्यांकन करने या पुस्तकों और पत्रिकाओं के संपादन और प्रकाशन में 07 वर्ष का अनुभव; और<br>II. सरकारी या अर्ध सरकारी संगठनों में वरिष्ठ स्तर पर प्रशासन संभालने का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव.<br>केंद्र या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या पीएसयू या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकाय या वैधानिक संगठन के तहत अधिकारी जो निम्नलिखित पद धारण करते हों:-<br>(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद;<br>**या**<br>(ii) वेतन स्तर - 11 (रु. 67,700 - 2,08,700) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा.<br>**आयु:** प्रतिनियुक्ति पर अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी. |
| 2. | उप निदेशक (वित्त)-<br>01 पद<br>वेतन स्तर-11<br>(रु. 67,700-2,08,700)<br>7वें सीपीसी के अनुसार | **अनिवार्य:**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**अनुभव:**<br>I. सरकारी / अर्ध सरकारी संगठन में ग्रुप ए या बी स्तर के पद पर लेखाओं से संबंधित कार्य में 05 वर्ष का अनुभव.<br>II. केंद्र या राज्य सरकारों या केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन या पीएसयू, विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकाय या वैधानिक संगठन के तहत अधिकारी जो निम्नलिखित पद धारण करते हों:-<br>(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद;<br>**या**<br>(ii) वेतन स्तर-10 के पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा; **या**<br>(iii) वेतन स्तर-8 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में छह साल की सेवा; **या**<br>(iv) वेतन स्तर-7 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में सात साल की सेवा.<br>**आयु:** प्रतिनियुक्ति पर अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी. |

**सामान्य निर्देश:**

1. निर्धारित आवेदन प्रारूप सीसीआरटी की वेबसाइट **https://ccrtindia.gov.in/** पर उपलब्ध है और इच्छुक/पात्र अभ्यर्थी सभी संगत दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं.
2. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के मामले में आवेदन पिछले 5 वर्षों के एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के साथ उनके प्रमुख नियोक्ता के माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए.
3. फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे. इसी तरहए प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्ति पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा.
4. प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) शामिल है, सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी.
5. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए 1 जनवरी 2006 (वह तिथि जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित संशोधित वेतन संरचना को विस्तारित किया गया है) से पहले किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित संगत ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय इसके कि जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों का एक ही ग्रेड वेतन/वेतनमान के साथ एक ग्रेड में विलय हो गया हो और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) के लिए विस्तारित होगा जिसके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है.
6. विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है. **रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के लिए सप्ताह की अंतिम तिथि लागू होगी.**
7. ई-मेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस आशय का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा.
8. जिन अभ्यर्थियों ने 23-29 दिसंबर, 2023 के रोज़गार समाचार में इस कार्यालय के विज्ञापन के जवाब में निदेशक के पद के लिए पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.
9. कोई भी अनुशेष/शुद्धिपत्र केवल सीसीआरटी की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा.

**उप-निदेशक (प्रशासन)**

**सीसीआरटी, नई दिल्ली**

सीबीसी 09127/12/0002/2425 रो.स. 12/116

---

# भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

## Inland Waterways Authority of India

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301 (उ.प्र.)

फोनः 0120-2474050 और 2544036

## नोटिस

दिनांकः 11.06.2024

रोज़गार सूचना सं. आईडब्ल्यूएआई-12015/5/2021-प्रशा.

दिनांक 16.02.2024

आईडब्ल्यूएआई, नोएडा में तैनाती के लिए **लेखा अधिकारी (एओ)** के दो रिक्त पद प्रतिनियुक्ति आधार पर, आरंभ में 03 वर्ष की अवधि के लिए, भरने हेतु ऊपर वर्णित रोज़गार सूचना का संदर्भ लें.

**"यह विज्ञापन कृपया प्रशासनिक कारणों से निरस्त समझा जाए"**

रो.स. 12/40 **सचिव**

---

No. F. 2-12/2012-NM

# भारत सरकार
# संस्कृति मंत्रालय
# राष्ट्रीय संग्रहालय

## जनपथ, नई दिल्ली - 110011

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत अधीनस्थ कार्यालय राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय संग्रहालय में **म्यूजियम प्रेपरेटर (प्रतिलिपियों के संरक्षण),** के 01 पद के लिए पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद ग्रुप 'सी' के लेवल-04 (रु. 25500-81100/-) (पूर्व संशोधित पीबी-2 रु. 5200-20200 + 2400/- जीपी) के तहत अराजपत्रित और गैर मंत्रालयीन है. आवेदन यह विज्ञापन प्रकाशित होने के **60 दिनों** के भीतर प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय संग्रहालय, जनपथ नई दिल्ली-110011 को मिल जाने चाहिए. आवश्यक योग्यताओं, अनुभव, पात्रता, आयु सीमा, बायोडाटा/सीवी प्रोफॉर्मा के लिए राष्ट्रीय संग्रहालय की वेबसाइट **www.nationalmuseumindia.gov.in** पर जाएं.

**टिप्पणी :** ध्यान रखें कि यह पद सिर्फ पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर है और सिर्फ सरकारी कर्मचारी ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं.

**(जाहिद अली अंसारी)**

रो.स. 12/95 **प्रशासनिक अधिकारी**

OPPORTUNITIES FOR ALL सभी को अवसर